आ0सं0ः-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-13/2022..............दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

कैमूर जिलान्तर्गत जिला आपूर्त्ति श्रृंखला प्रबंधन केन्द्र भवन का निर्माण कार्य में संवेदक, मे० शिवम कन्सट्रक्शन, (प्रो०-बिरेन्द्र प्रसाद), वार्ड नं०-09, भभुआ, कैमूर के साथ एकरारनामा किया गया जिसका कार्य प्रारंभ की तिथि 20.05.2020 तथा कार्य की समाप्ति की तिथि 19.11.2020 है । उक्त कार्य में अत्यधिक विलम्ब होने के कारण कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भभुआ के पत्रांक-347अनु0 दिनांक-12.03.2022 के आलोक में मुख्य अभियंता (दक्षिण) द्वारा संवेदक को कालीकृत/निलंबन करने की अनुशंसा की गयी ।

मुख्य अभियंता (दक्षिण) के पत्रांक-567 दिनांक-12.04.2022 के द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में संवेदक से विभागीय पत्रांक-4038 दिनांक-20.06.2022 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया । विभागीय पत्रांक-6893 दिनांक-26.09.2022 एवं 8593 दिनांक-28.11.2022 के द्वारा उक्त कार्य की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति के प्रतिवेदन कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भभुआ से मांग की गयी । संवेदक के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त होने के उपरांत मुख्य अभियंता(दक्षिण) से विभागीय पत्रांक-358 दिनांक-16.01.2023 के द्वारा संवेदक के स्पष्टीकरण पर मंतव्य की मांग की गयी । मुख्य अभियंता(दक्षिण) के पत्रांक-481 दिनांक-07.03.2023 के द्वारा सूचित किया गया कि उक्त संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है ।

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण संबंधित बैठक दिनांक-30.05.2023 में उक्त मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत समिति के द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनके निबंधन को एक वर्ष या कार्य पूर्ण होने तक (जो अवधि अधिक हो) के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

अतः संवेदक, मे० शिवम कन्सट्रक्शन, (प्रो०-बिरेन्द्र प्रसाद), वार्ड नं०-09, भभुआ, कैमूर का निबंधन संख्या-Class-II(BCD)-176/2016 को आदेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

ह0/-

**(राकेश कुमार)**

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-13/2022 पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः-संवेदक, मे० शिवम कन्सट्रक्शन, (प्रो०-बिरेन्द्र प्रसाद), वार्ड नं०-09, भभुआ, कैमूर का निबंधन संख्या- Class-II(BCD)-176/2016 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-13/2022........ पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग/

मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-13/2022.........4760(अ) पटना,दिनांक- 09/6/23

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/6/23

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव